साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें...
संपर्क करे- 9425156055
वर्ष-10 अंक-29 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 28 अगस्त 2026 ypnews24@gmail.com पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

# मध्यप्रदेश में कृषि भूमि अन्तरण के नियम और अधिकार क्या है जानिए - Transfer Rights



लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

हर व्यक्ति को अपनी भूमि को विक्रय करने का अधिकार होता है वह अपनी भूमि किसी को भी नामांतरण करवा सकता है। मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता,1959 की धारा 165 में कहा गया है की कोई भी भूस्वामी अपनी भूमि चाहे वह पट्टे के अधीन हो उसे अन्तरण करने का अधिकार रखता है लेकिन कुछ ऐसी शर्तें भी है जिसको उल्लंघन करके किसी कृषि भूमि का नामांतरण नहीं किया जा सकता है जानिए।

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता,1959 की धारा 165 की उपधारा 2 की परिभाषा

(क). भूमिस्वामी द्वारा किसी भूमि का कोई बंधक होने पर तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि कम से कम पाँच एकड़ सिंचाई भूमि या दस एकड़ सुखी भूमि किसी भार से मुक्त उसके पास न बचे।

(ख). भूमिस्वामी द्वारा किसी भी भूमि का कोई भोगबन्धक इसके पश्चात विधि मान्य नहीं होगा। यदि वह छः वर्ष की कालावधि के लिए हो।

(ग). बंधक भूमि का कोई भी कब्जा बन्धकदार बन्धन की कालावधि के छः वर्ष आवासन के जाने के पश्चात भूमि का कब्जा नहीं सौपेगा। तहसीलदार द्वारा बंधककर्ता को उस भूमि का कब्जा दिलाया जाएगा।

Madhya Pradesh Land Revenue Code, 1959

section 165 Sub-section w

सामान्य शब्दों में कहे तो किसी भी किसान को बैंक से कृषि भूमि को गिरवी रखकर कृषि ऋृषा लेने का अधिकार है और उसके बदले में वह बैक में भूमि को बंधक के रूप में रख देता है। बंधक भूमि तब तक किसी व्यक्ति को नामांतरण नहीं की जा सकती है जब तक वह बंधक मुक्त नहीं हो जाती है। उपर्युक्त धारा साधारण शब्दों में यही कहती है कि कोई भूमिस्वामी बंधक संपत्ति का अन्तरण नहीं कर सकता है।

# संतों के आशीर्वाद से मिलती है सद्कार्य की प्रेरणा : सीएम यादव

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर खाचरौद के ग्राम चिरोला फंटा में स्थित संत श्री निजानंद धाम आश्रम पहुंचे। आश्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूजा-अर्चना कर श्री श्री 1008 सचिदानंद महाराज की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर षोडशोपचार पूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत श्री निजानंद जी महाराज के गादी पर पूजा-अर्चना कर आरती की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम में उपस्थित संतों का वन्दन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने आश्रम में प्रसादी ग्रहण की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का श्री निजानंद धाम सेवा समिति द्वारा स्वागत सम्मान भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम में सचिदानंद जी महाराज जी के शिष्य श्री विवेक महाराज जी से भी मुलाकात की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत श्री निजानंद आश्रम पर आकर दर्शन पूजा की है। यह स्थान देश, प्रदेश और मालवा में सनातन संस्कृति की ऐसी विभूतियों के अलौकिक आभा से परिचित कराता है। हम सब भी ऐसे संतों के आशीर्वाद से सद्कार्य की प्रेरणा पाते हैं। श्री निजानंद जी महाराज के पश्चातवर्ती स्वामी सचिदानंद जी महाराज ने इस स्थान को चेतना देते हुए पूरे क्षेत्र को चैतन्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी अपने कामों के साथ अपने संतों की मूल भावना सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया: सभी को लेकर चलने का जो कल्याण का भाव है, ये वेद वाक्य को अमरता के साथ धारण करते हुए, हम सभी के कल्याण की कामना करें।



आश्रम में नागदा-खाचरौद क्षेत्र के विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, श्री राजेश धाकड़, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रवि सोलंकी, श्री नरेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित थे।

## खाचरौद में बहनों ने बांधे रक्षा सूत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए खाचरौद हेलीपेड पर पहुंचे। हेलीपेड पर नागदा निवासी श्रीमती माया तितलिया एवं मनीषा अखिलेश शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राखी बांधकर शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आत्मीयता से बहनों का मुंह मीठा कराया और शुभकामनाएं दी।

# MP-PSCP Act 28 - अवैध कॉलोनी में मकान बनाने पर कितने साल की जेल होती है, यहां पढ़िए

जब कोई व्यक्ति कलेक्टर से अनुमति प्राप्त किए बिना भूमि का उपयोग परिवर्तन कर देता है या बिना एनओसी प्राप्त कॉलोनी निर्माण करता है अर्थात कॉलोनी में प्लाट काटता है और प्लाट काटकर मकान का निर्माण करता है तब यह अपराध किस प्रकार का होगा जानिए।



लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम,1992 की धारा 28 की परिभाषा

जो कोई व्यक्ति जमीन के उपयोग का अवैध परिवर्तन के या अवैध कॉलोनी निर्माण करके किसी भी क्षेत्र में भवन निर्माण करता है वह व्यक्ति अवैध भवन निर्माण के अपराध का दोषी होगा।

Madhya Pradesh Prevention of Specified Corrupt Practices Act, 1982 Section 28 Punishment

दण्ड का प्रावधान- यह अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध है,पुलिस अधिकारी तुरंत एफआईआर द्वारा मामले का संज्ञान लेगा, इनका विचारण किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट या सेशन कोर्ट द्वारा किया जा सकता है सजा- इस अपराध के लिए अधिकतम एक वर्ष की कारावास या जुर्माने या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

# ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में पहुँचे स्कूल शिक्षा सचिव विद्यार्थियों-शिक्षकों की देखी शालेय गतिविधियां

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश


मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल ने शुक्रवार को विदिशा जिले के ग्यारसपुर विकासखंड की शासकीय हाई स्कूल वन, माध्यमिक शाला धनिया खेड़ी एवं प्राथमिक शाला धनिया खेड़ी का अवलोकन किया। इस दौरान सचिव डॉ. गोयल ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से संवाद कर विभिन्न विभागीय योजनाओं के लाभ, विद्यालयीन गतिविधियों एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सुझाव भी सुने और उनके अनुभवों को जाना। ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों ने विभागीय योजनाओं एवं विद्यालयीन गतिविधियों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि पहली बार इतने बड़े स्तर के विभागीय अधिकारी सीधे विद्यालय में पहुंचकर विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य यही है कि शासन की योजनाओं और शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को विद्यालयों तक पहुंचकर समझा जाए और विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की अपेक्षाओं के अनुरूप आवश्यक सुधार किए जाएं।



# छतरपुर जिले की ग्राम पंचायत एरोरा में वित्तीय अनियमितताओं और फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप, पोर्टल पर अपलोड बिल धुंधले और संदिग्ध

**छतरपुर / बिजावर:**

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत बिजावर की ग्राम पंचायत एरोरा में शासकीय राशि के दुरुपयोग और बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। पंचायत दर्पण पोर्टल पर अपलोड किए गए बिलों और विवरणों से यह खुलासा हुआ है कि विकास कार्यों और कार्यालयीन खर्चों के नाम पर भारी-भरकम राशि का आहरण किया गया है, लेकिन पोर्टल पर जो बिल चस्पा किए गए हैं, वे पूरी तरह से धुंधले, अस्पष्ट और संदिग्ध हैं।




### पोर्टल पर दर्ज प्रमुख संदिग्ध मामलों का विवरण

बिल क्रमांक 63 (दिनांक 05/05/2026)= पंच परमेश्वर योजना के तहत संजय विश्वकर्मा के नाम पर कार्यालयीन व्यय मद में 4,200 रुपये का भुगतान किया गया है, जिसका बिल पूरी तरह धुंधला है।

बिल क्रमांक 106 (दिनांक 12/05/2026)= 5वें राज्य वित्त आयोग के तहत जयप्रकाश दुबे के नाम पर 12,000 रुपये की राशि निकाली गई है।

बिल क्रमांक 510 (दिनांक 10/05/2026)= पंच परमेश्वर योजना के अंतर्गत राशिद खान के नाम पर 10,500 रुपये का भुगतान दर्शाया गया है।

बिल क्रमांक 48 (दिनांक 08/05/2026)= पुष्पेंद्र सिंह यादव के नाम पर 15,000 रुपये की राशि आहरित की गई है।

बिल क्रमांक 49 (दिनांक 08/05/2026)= बब्बूलाल अहिरवार के नाम पर 5,000 रुपये का भुगतान किया गया है।

बिल क्रमांक 105 (दिनांक 12/05/2026)= 5वें राज्य वित्त आयोग के तहत जयप्रकाश दुबे के नाम पर ही 29,068 रुपये की बड़ी राशि निकाली गई है, जिसमें अपलोड किया गया बिल भी स्पष्ट नहीं है।



बिल क्रमांक 68 (दिनांक 28/04/2026)=संजय विश्वकर्मा के नाम पर 5,250 रुपये का भुगतान किया गया है।

पारदर्शिता पर उठ रहे सवाल

इन सभी मामलों में हैरानी की बात यह है कि अधिकांश भुगतानों का भुगतान दिनांक 15/05/2026 को एक ही दिन (EPO Number: 3874725 के माध्यम से) दर्शाया गया है। पोर्टल पर बिलों की तस्वीरें इस तरह से धुंधली अपलोड की गई हैं कि उनमें खरीदी गई सामग्री या सेवाओं की वास्तविक सत्यता को छुपाया जा सके। सूची में 'Particular' के आगे 'Test' और 'Name' के आगे मोटर या अन्य नाम लिखकर महज औपचारिकता पूरी की गई है, जो सीधे तौर पर वित्तीय फर्जीवाड़े और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और ग्रामीणों ने इस मामलों की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि पंचायत स्तर पर इस प्रकार के फर्जी और धुंधले बिल लगाकर शासकीय राशि का बंदरबांट किया जाता रहा, तो ग्रामीण विकास के योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएंगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (छ्रश्वह्र) से मांग की है कि ग्राम पंचायत एरोरा के इन सभी भुगतानों की गहराई से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

# सीएम हेल्पलाइन में गलत जानकारी अपडेट करने वाले बाबू को सस्पेंड करो सस्पेंड करो - दाम

**ग्वालियर 25 अगस्त।**

दलित आदिवासी महापंचायत ( दाम ) के संस्थापक संरक्षक डॉ जवर सिंह अग्र ने कार्यालय सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग जिला ग्वालियर के स्थापना लिपिक को सीएम हेल्पलाइन में तथ्यों को छुपाते हुए गलत अपडेट करने के आरोप में निलंबित करने की मांग की गई है ज्ञात रहे की जनजाति कार्य विभाग में लिपिक सीएम हेल्पलाइन में गलत अपडेट दे रहे हैं सीएम हेल्पलाइन जाति कार्य विभाग का एल 1 अधिकारी सहायक आयुक्त होता है सहायक आयुक्त से भी अपेक्षा की गई है की सीएम हेल्पलाइन को स्वयं देखें अन्य विभाग के बाबू सहायक एप्स के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं चूकेंगे जवाबदारी सहायक आयुक्त की है

नियमों के विरुद्ध अधीक्षकों का




परिवार देते हैं उसमें काफी भ्रष्टाचार किया जाता है सहायक आयुक्त को भी ऐसे दो प्रकरण बता दिए गए हैं साथी सहायक आपसे भी कहा गया है किस नियम और कानून के दायरे में ही जो काम आते हो उन्हीं को किया जाए नियम को विरोध किसी प्रकार के कोई कार्य नहीं किया जाए स्थापना बाबू से सावधान रहें

# मोहन मांडरे बने अजाक्स विदिशा के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, कर्मचारियों ने दी बधाई

**भोपाल।**

मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघ (अजाक्स) जिला विदिशा में संगठनात्मक जिम्मेदारी को लेकर महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। राजधानी भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय अजाक्स भवन में प्रांतीय अध्यक्ष चौधरी मुकेश मौर्य ने श्री मोहन मांडरे को अजाक्स जिला विदिशा का कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नियुक्त करते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मोहन मांडरे की नियुक्ति पर विदिशा जिले के अजाक्स पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी। पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जिले में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एल.आर. अहिरवार, हुकुमचंद सूर्यवंशी, संजय अहिरवार, राजेश अहिरवार, शिवराज सूर्यवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह अहिरवार, प्रदेश प्रवक्ता एन.एस. भारती, जिला मीडिया प्रभारी दातार सिंह, जितेंद्र अहिरवार, चंदन सिंह अहिरवार, जिला अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ बबलू




अहिरवार, रवि नागर, शिक्षक भूपेंद्र, विक्रम, रामचरण अहिरवार, सनमन सिंह, राजेश प्रभाकर, महाराज सिंह, देवेंद्र सूर्यवंशी, राकेश अहिरवार, फूल सिंह अहिरवार, कैलाश जी बासोदा, मुकेश मालवीय, प्रकाश पेंटर, महेश केतोधनिया, एस.के. पंथी, सतीश कुमार कुचेरिया, पंकज अहिरवार, रामसेवक सूर्यवंशी, नंदू अहिरवार एवं प्रदीप कुमार अहिरवार सहित अनेक पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मोहन मांडरे को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

# प्रादेशिक बैठक आम सभा रखी गई है जिसे संघ के पूर्व पदाधिकारी, वर्तमान अधिकारी सहयोगी साथी बरिष्ठ जनों की रायसुमारी से सभा रखी गई है

अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश पंजीयन नंबर 38053/01/01/01/21
आदेश क्रमांक-- सं/ असस/म प्र/2051/26। दिनांक-- 26/8/2026
प्रति ,
समस्त पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी, व समस्त प्रकोष्ठ संभाग जिला अध्यक्ष गण कार्यकारिणी पदाधिकारी गण, महिला, पुरुष समाज सेवी,साथियों
बिषय -- प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा, पंचवर्षीय लेखा जोखा, प्रदेशाध्यक्ष पद व कार्यकारिणी पदाधिकारियों के चुनाव कराने एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी गठित करने बाबत।
महानुभाव, उपरोक्त बिषयांर्गत बिशेषावश्यक बैठक /आम सभा की सूचना देते हुए सूचित किया जाता है आगामी दिनांक 6 सितंबर 2026 दिन रविवार को गुरु रविदास जिंसी मंदिर जांहगीराबाद भोपाल में समय 11-00 बजे से 4-00 बजे तक प्रादेशिक बैठक आम सभा रखी गई है जिसे संघ के पूर्व पदाधिकारी, वर्तमान अधिकारी सहयोगी साथी बरिष्ठ जनों की रायसुमारी से सभा रखी गई है।

इस बैठक में निम्नलिखित अनुसार बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लेना है ।

1 बैठक में प्रदेश अध्यक्ष का चयन सर्वसम्मति अथवा चुनाव से कराने का।

2 प्रदेश कोषाध्यक्ष , प्रदेश सचिव पद हेतु चुनाव या चयन और अन्य पदों के चुनाव करने का।

3 वर्ष 2021 से लेकर 2026 तक का लेखा-जोखा आय व्यय का विवरण प्रस्तुत कराना

4 कोषाध्यक्ष के द्वारा अथवा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष।

5 जिन साथियों कोउम्मीदवार बन चुनाव लड़ना है वह 10 सितंबर से 10 नवंबर तक चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने बाले प्रत्याशी गण निर्धारित प्रक्रिया वाले शुल्कों को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया के पास नगद जमा प्रदेश प्रभारी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष संस्थापक के समक्ष जमा करेंगे।


चौ. अमान सिंह नरवरिया जी
संस्थापक. अहिरवार समाज संघ

6 दिनांक 14/6/2026तक की स्थिति में जो संरक्षक, आजीवन सदस्य गण होंगे बोही चुनाव संबंधित प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं ।

7 एक से अधिक उम्मीदवार उक्त पद हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने पर दिसंबर माह में फॉर्म ऑफ सोसाइटी के कार्यालय से नियुक्त चुनाव पदाधिकारी अथवा प्रदेश प्रभारी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष संस्थापक/संरक्षक द्वारा नामित किए गए अधिकारी की देखरेख में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे ।

8 एक पद हेतु एक ही व्यक्ति उम्मीदवार होगा।

9 और कोई आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा जो सुझाएं हों।

अत- बैठक में सभी आवश्यक रूप से उपस्थित हों, ताकि असस म प्र के प्रदेश पदाधिकारियों का संवैधानिक तरीके से सामंजस्य स्थापित हो सके और विधिवत एक रुपया से असस म प्र चल सके ।

निवेदन ---
चौधरी अमान सिंह नरवरिया पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संस्थापक एवं प्रभारी अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश व? पूर्व टी आई पुलिस

आप सभी से आग्रह करता हैं कि समाज को जोड़ने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण है।इसमें सहयोग करें एवं संगठन को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए हम सब एकता का परिचय दें।

आयोजक
चौधरी अमान सिंह नरवरिया से नि टी आई पुलिस संस्थापक पूर्व प्रदेशाध्यक्ष/प्रदेश प्रभारी
असस म प्र भोपाल
26/8/2026
प्रष्ठांकन --
क्रमांक -
सं/असस/ म प्र/2052/26
दिनांक- 26/8/2026
प्रति लिपि--
1 श्री मान रजिस्ट्रार महोदय जी म प्र शासन भोपाल की ओर संज्ञानार्थ, सूचनार्थ
सही
आयोजक संस्थापक,प्रदेश प्रभारी संरक्षक असस म प्र

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार देवास में रक्षाबंधन से पूर्व एनालॉग मावा किया गया जब्त

**भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार देवास में कलेक्टर श्री ऋतु राज सिंह के नेतृत्व में मिलावट विरोधी अभियान लगातार जारी है। जिला और खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने देवास के भोपाल चौराहा स्थित %जोधपुर स्वीट्स% और नयापुरा में स्थित %न्यू स्वदेशी स्वीट्स% की दुकान एवं कारखानों का औचक निरीक्षण कर कुल 972 किलोग्राम प्रतिबंधित एनालॉग मावा तथा इससे निर्मित मिठाइयाँ ज़ब्त की। जांच में पाया गया कि जोधपुर स्वीट्स के



गोदाम से यह अमानक सामग्री उसकी तीन अलग-अलग आउटलेट्स पर विक्रय हेतु भेजी जानी थी। बुधवार को जब्त किये गए भारी मात्रा में मिलावटी एवं अमानक एनालॉग मावे और मिठाइयों को गुरुवार को नगर निगम के शंकरगढ़ पहाड़ी स्थित ट्रेन्चिंग ग्राउंड ले जाया गया, जहाँ नियमानुसार गड्ढा खुदवाकर संपूर्ण अमानक सामग्री को पूरी तरह नष्ट करने की वैधानिक कार्रवाई पूर्ण की गई। शासन से जारी निर्देशानुसार एनालॉग मावा एवं एनालॉग पनीर वास्तविक दुग्ध उत्पाद नहीं हैं। इन्हें पाम ऑयल, घटिया वनस्पति तेल, मिल्क पाउडर एवं हानिकारक केमिकल्स के मिश्रण से तैयार किया जाता है। शासन के आदेशानुसार ऐसे सभी उत्पादों के निर्माण, भण्डारण एवं विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। ये उत्पाद जनस्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। आने वाले दिनों में भी जिले भर में दूषित, मिलावटी और एनालॉग मावा, पनीर तथा अन्य दुग्ध उत्पादों के विरुद्ध जांच व जब्ती की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# बमोरिया परिवार अहिरवार समाज के समाजसेवी स्व. रामलाल के उपरांत श्रद्धांजलि सभा कर मृत्युभोज का किया बहिष्कार

**सोहागपुर। नर्मदापुरम**

विगत दिनों अहिरवार समाज के समर्पित समाजसेवी स्व. रामलाल बमोरिया जी का ह्रदय गति रुक जाने पर परिनिर्वाण हुआ। जिनकी सेवा, कुरीति, पाखंडवाद के विरोध की विचारधारा एवं फूले अम्बेडकर के मिशन पर आजीवन सेवाओं को देखते हुए उनकी सोच पर ही रसोई जैसे काम की पाबंदी उनके परिवार जनों ने करते हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम सोहागपुर रेलवे स्टेशन के पास देनवा गार्डन में किया। जिसमें समाज के लोगों का उमड़ा जनसैलाब समाज के सैकड़ों नागरिकों ने जाकर श्रद्धेय बाबू स्व. रामलाल बमोरिया के जीवन पर प्रकाश डाला गया।




जिला होशंगाबाद, नरसिंहपुर, रायसेन, सीहोर और भोपाल तक से श्रद्धेय बाबू जी को नमन करते हेतु समाज के बुद्धिजीवी, समाजसेवी व पत्रकारों ने भी बाबू जी को नमन किया। अहिरवार समाज जिला होशंगाबाद के अध्यक्ष रमेश बामने, अहिरवार समाज संघ के संस्थापक चौधरी अमान सिंह नरवरिया, बृजेश आर्य,रामगोपाल बारुआ,बाबू जी की बेटी उषा टिकैत,संगीता गोलिया,धनसिंह अहिरवार, कामता प्रसाद चौहान, मूलचन्द मेधोनिया अहिरवार समाज के महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी के सुपौत्र ने शहीद परिवार की ओर से श्रद्धांजलि सभा में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज बहिनें, कर्मचारीगण और बौद्ध धम्म संगोष्ठी पिपरिया के सभी टीम के साथीयों ने बाबू जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किये मौन श्रद्धांजलि, बौद्ध वंदना की। बाबू के छोटे भाई सी.एल. बौद्ध एवं उनके दामाद राजू टिकैत ने समाज के सभी नागरिकों ने बाबू की श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आने वाले सभी का सादर आभार व्यक्त किया। शोक सभा उपरांत बौद्ध धम्म प्रसादी वितरित किया। समाज के नागरिकों ने मृत्यु भोज न करने पर बमोरिया परिवार के साहसी फैसलें की सराहना की। समाज के वरिष्ठ लोगों ने निर्णय लिया है कि अब समाज के लिए मृत्यु भोज जैसे फिजूल खर्ची का बड़ा कार्यक्रम न करते हुए कम खर्च में मृतकों को केवल श्रद्धांजलि कार्यक्रम करके ही रिवाज को मिटाया जा सकता है। तथा यदि परिवार के पास जो पैसे का बचाव होता है तो वह अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई में लगाकर समाज को मजबूत किया जाये।



# स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन की पहली आवश्यकता पौधे लगाए और करें देखभाल - विजय वर्मा

## राम जी बाबा समाधि परिसर में की साफ सफाई, हुआ पौधरोपण



नर्मदापुरम।

अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति एवं पुरुषों द्वारा रविवार को संत रामजी बाबा समाधि स्थल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परिसर एवं पार्क की साफ-सफाई से हुई। समाज के सदस्यों ने श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित किया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी विजय वर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है। स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन की पहली आवश्यकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण हर व्यक्ति को करना चाहिए जिससे पर्यावरण साफ और स्वच्छ रहे। श्री वर्मा ने कहा कि पौधा लगाना प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प है। केवल पौधा लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल और सुरक्षा करना भी जरूरी है। इस मौके पर सुमन वर्मा, विजय वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, सुनील राय , राजेंद्र श्रीवास्तव , प्रीती खरे , अशोक वर्मा , नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, ज्योति वर्मा, राधा गुप्ता, श्रीमती ममता तिवारी , मनोज वर्मा लालता प्रसाद, सीबी खरे सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर समाजसेवी सुनील राय ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जिस स्थान को हम स्वच्छ रखते हैं, वहां हरियाली बढ़ाने का प्रयास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा लगातार किए जा रहे स्वच्छता अभियानों से लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ना चाहिए।

# कथाव्यास गौरीशंकर शास्त्री ने गोवर्धन लीला का किया भावपूर्ण वर्णन, कथा में भावविभोर हुए श्रद्धालु

## नख पे गिरवर लीनो धार मेरो छोटो सो कन्हैया




करेली।

पंडित प्रशांत कुमार-श्रीमती राखी शर्मा, श्री दिनेश-निशा चतुर्वेदी, अभिषेक-आयुषी चतुर्वेदी एवं शर्मा परिवार मड़ेसुर द्वारा डी.एम. पैलेस करेली में 17 अगस्त, शुभ दिन सोमवार से 23 अगस्त रविवार तक सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा के अंतर्गत रविवार को पुत्रदा एकादशी के अवसर पर बनारस से पधारे विद्वान कथाव्यास श्री गौरीशंकर जी शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथाव्यास ने गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब इंद्र देव ने बृजभूमि में मूसलाधार वर्षा कर दी और चारों ओर जल ही जल हो गया, तब बृजवासियों ने बाल कन्हैया से अपनी रक्षा की प्रार्थना की। भक्तों की पुकार सुनकर भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका अंगुली पर सात कोस के गोवर्धन पर्वत को धारण कर लिया और लगातार नौ दिनों तक बृजवासियों को वर्षा से सुरक्षित रखा। इस प्रसंग के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में भावविभोर हो गए। कथा के दौरान भजनों एवं भगवान की लीलाओं का सुंदर वर्णन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा का श्रवण किया।

### कथा समापन एवं भंडारा आज

सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन सोमवार, 24 अगस्त को होगा। इस अवसर पर यजमान परिजनों द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। यजमान परिवार ने नगर एवं क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कथा समापन एवं भंडारे में उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन की कांवड़ यात्रा में सहभागिता

सिवनी

सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विभिन्न कार्यक्रमों मे सहभागिता किया। आज श्रावण मास की पावन बेला मे बागरी समाज द्वारा लखनवाड़ा वैनगंगा तट से मठ मंदिर सिवनी तक निकाली गयी भव्य कांवड़ यात्रा मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सहभागिता कर यात्रा मे शामिल श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही आपने सभी के लिए भगवान भोलेनाथ से सुख, शांति और समृद्धि की मंगलमय कामना किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सिवनी नगर मे स्थित फुटबाल स्टेडियम पहुंचकर हाल मे आयोजित अस्मिता सेपकटाकरा लीग 2026-27 के शुभारंभ कार्यक्रम मे अतिथि के रुप मे शामिल हुए। तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया। इसके पश्चात राशि लान मे आयोजित सात दिवसीय भव्य एवं दिव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा मे विधायक दिनेश राय मुनमुन प्रतिदिन अनुसार सम्मिलित हुए।

शिकायत

## बरेलीपार माल में 0.40 हेक्टेयर भूमि का अवैध खेल

# गैर-आदिवासी आशीष अग्रवाल के नाम दर्ज फर्जी रजिस्ट्री को निरस्त करने गोंड समाज महासभा ने कलेक्टर से की शिकायत

सिवनी।

सिवनी तहसील के अंतर्गत ग्राम बरेलीपार माल स्थित आदिवासी वर्ग की बेशकीमती भूमि को हेराफेरी कर गैर-आदिवासी के नाम हस्तांतरित करने की शिकायत प्रशासन की चौखट तक पहुंच गई है। गोंड समाज महासभा, जिला सिवनी ने अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि एवं अध्यक्ष चित्तौड़ सिंह कुशराम के माध्यम से न्यायालय श्रीमान कलेक्टर व उप-खंड अधिकारी (राजस्व) सिवनी के समक्ष एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इस आवेदन में मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 170-ख एवं धारा 165(6) के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए अनावेदक आशीष अग्रवाल




सहित अन्य क्रय-विक्रयकर्ताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और अवैध खरीद-बिक्री को निरस्त करने का निवेदन किया गया है। प्रस्तुत आवेदन के विवरण अनुसार, ग्राम बरेलीपार माल (पटवारी हल्का नंबर 48/42) स्थित खसरा नंबर 151 (रकबा 0.40 हेक्टेयर) वर्ष 1980 से 2000 तक के पुराने राजस्व अभिलेखों में मूल खातेदार लक्ष्मण पिता वाचू लाल (या कोदू ) प्रधान एवं रमलो पति वाचू लाल प्रधान के नाम दर्ज थी, जो स्पष्ट रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2010 से 2012 के दौरान कतिपय व्यक्तियों और राजस्व कर्मचारियों की मिलीभगत से संशोधन पंजी व खसरे में कूट-रचना की गई। भूमि की मूल पहचान छिपाने की नीयत से खातेदार लक्ष्मण के पिता का नाम वाचू/कोदू प्रधान से बदलकर लोकू कर दिया गया। इसके बाद बिना कलेक्टर की अनिवार्य लिखित अनुमति के भूमि का पहला अवैध नामांतरण अंकित मालू (अनावेदक क्र. 4) के नाम दर्ज कराया गया। आवेदन में आगे दर्शाया गया है कि इसके बाद अंकित मालू द्वारा यह ज़मीन मोहम्मद रशीद खान एवं मोहम्मद सादिक खान (अनावेदक क्र. 2 व 3) को बेच दी गई। तत्पश्चात 08 अगस्त 2022 को रजिस्ट्री क्रमांक MP 3680820221828672 के माध्यम से अनावेदक क्र. 2 व 3 ने यह भूमि गैर-आदिवासी आशीष अग्रवाल पिता निर्मल कुमार अग्रवाल (अनावेदक क्र. 1) को बेच दी, जो वर्तमान में रिकॉर्ड में दर्ज है। गोंड समाज महासभा ने अपने आवेदन में तर्क दिया है कि कानूनन बिना प्रशासनिक स्वीकृति के किया गया ऐसा हस्तांतरण प्रारंभ से ही शून्य माना जाता है।

# सिद्ध श्री जाखला धाम से निकली भव्य कावड़ यात्रा, भोलेनाथ को जल चढ़ाकर हुई संपन्न

मंडीदीप। सिद्ध श्री जाखला धाम हनुमान मंदिर से श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कावड़ में जल भरने के लिए केरी के महादेव की ओर रवाना हुए। पूरे मार्ग में भक्तों में उत्साह और धार्मिक उल्लास देखने को मिला। मंदिर के पुजारी ब्रज किशोर शर्मा ने बताया कि कावड़ यात्रा के तहत श्रद्धालु केरी के महादेव से पवित्र जल भरकर सिद्ध श्री जाखला धाम हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां विधि-विधान और श्रद्धा के साथ बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। केरी के महादेव से जल भरने के बाद कावड़ यात्रियों के लिए गौशाला इमलिया में भोजन की व्यवस्था की गई। भोजन प्रसादी ग्रहण करने के बाद श्रद्धालु डीजे और भजनों की धुन पर नाचते-गाते हुए कावड़ लेकर सिद्ध श्री जाखला धाम के लिए रवाना हुए। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

# प्राचार्यों को फटकारने वाले सहायक आयुक्त खुद सवालों के घेरे में, व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी किसकी?

**शहडोल।**

विभागीय योजनाओं की धीमी प्रगति को लेकर जिले के प्राचार्यों को फटकार लगाने और तीन दिन में सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी देने वाले जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त आनंद राय सिंह अब खुद सवालों के घेरे में हैं। बैठक में योजनाओं की खराब प्रगति के लिए प्राचार्यों की जिम्मेदारी तय की गई, लेकिन विभागीय व्यवस्थाओं में आ रही दिक्कतों और अधिकारियों को समय पर आवश्यक सहयोग एवं संसाधन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, छात्रवृत्ति प्रोफाइल अपडेशन, साइकिल वितरण, पाठ्यपुस्तक वितरण और पोर्टल फीडिंग जैसे कार्यों में कमी को लेकर प्राचार्यों को जिम्मेदार ठहराया गया। सवाल यह है कि यदि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में लगातार परेशानी आ रही थी तो विभागीय स्तर पर इसकी नियमित निगरानी और समय रहते समाधान क्यों नहीं किया गया?

सहायक आयुक्त ने स्वयं बैठक में स्वीकार किया कि उन्हें बार-बार पत्रों और विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से निर्देश जारी करने पड़ रहे हैं। इसके बावजूद यदि योजनाओं की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो केवल प्राचार्यों को जिम्मेदार ठहराने के बजाय विभागीय मॉनिटरिंग व्यवस्था की भी समीक्षा होना जरूरी है।



### छात्र जिला प्रशासन तक पहुंच रहे तो जिम्मेदारी सिर्फ प्राचार्यों की कैसे?

बैठक में आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों के बच्चों के अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन तक पैदल पहुंचने को गंभीर विषय बताया गया। लेकिन यहां भी सवाल उठता है कि यदि छात्रावास और आवासीय विद्यालय विभागीय अधिकारियों के नियंत्रण एवं निरीक्षण व्यवस्था में संचालित होते हैं, तो वहां की समस्याओं की जानकारी समय रहते सहायक आयुक्त कार्यालय तक क्यों नहीं पहुंची? प्राचार्यों पर कार्रवाई की चेतावनी देने से पहले यह भी तय होना चाहिए कि विभागीय स्तर पर निरीक्षण और निगरानी कितनी प्रभावी रही। यदि समस्याएं लगातार बनी हुई थीं

### रैंकिंग खराब होने पर सिर्फ प्राचार्य जिम्मेदार?

विभाग की जिले में खराब रैंकिंग को लेकर भी प्राचार्यों की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए। लेकिन विभागीय योजनाओं की रैंकिंग किसी एक अधिकारी के प्रयास से नहीं, बल्कि पूरी प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली से तय होती है। ऐसे में खराब रैंकिंग की सामूहिक समीक्षा के बजाय पूरी जिम्मेदारी प्राचार्यों पर डालना भी चर्चा का विषय बन गया है।

जानकारों का कहना है कि तीन दिन की समय-सीमा और कार्रवाई की चेतावनी से पहले जमीनी समस्याओं, कर्मचारियों की कमी, तकनीकी दिक्कतों और लंबित प्रकरणों की वास्तविक स्थिति की समीक्षा जरूरी थी।

अब देखना होगा कि सहायक आयुक्त द्वारा प्राचार्यों को दी गई चेतावनी के बाद विभागीय योजनाओं में वास्तव में कितना सुधार होता है और क्या विभागीय स्तर पर भी जवाबदेही तय की जाती है।

## खजांची रामकली बाई इंग्लिश स्कूल में रक्षा बंधन के पूर्व हुए विविध कार्यक्रम , सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही धूम

**करेली**

नगर की अग्रणीय संस्था खजांची इंग्लिश स्कूल में स्वतंत्रता माह के अवसर पर प्राथमिक विभाग द्वारा किए गये अनेक कार्यक्रम जिनमें रखी मेकिंग कम्पटीशन एवं थाली डेकोरेशन कक्षा प्रथम से पांचवी कक्षा तक के छात्र छात्राओं ने बनाई अद्भुत राखियां किसी ने बनाई चावल वाली तो किसी ने रुई से अनेक छात्र छात्राओं ने दिया अपनी प्रतिभा का परिचय वही थाली डेकोरेशन में सजाई एक से एक पूजन थाली । आदर्श शिक्षण समिति केअध्यक्ष पंडित मधुसूदन पालीवाल ने निरीक्षण कर किया छात्र छात्राओं को दी शाबाशी एवं किया प्रोत्साहित तदुपरांत, प्राथमिक विभाग के छात्र छात्राओं ने दोपहर एक बजे से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी बहुत ही शानदार प्रस्तुति जिनमें मेरे भारत की बेटी,कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रास गरवा ,तथा अनेक भव्य प्रस्तुति दे कर अभिभावकों से खूब ताली बटोरी कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मधुसूदन पालीवाल जी ने की तथा सचिव राजीव खजांची,सहसचिव अनिल पालीवाल समिति सदस्य आदर्श कोहली एवं बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे

# ओम शिव शक्ति सेवा मंडल की कांवड़ यात्रा पहुंची मंडीदीप, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



**मंडीदीप**

भगवान भोलेनाथ की भक्ति और आस्था से ओत-प्रोत ओम शिव शक्ति सेवा मंडल की कांवड़ यात्रा सोमवार को मंडीदीप पहुंची। कांवड़ यात्रा के नगर में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ियों के स्वागत के लिए मार्ग में मौजूद रहे। कई स्थानों पर सेवा समितियों द्वारा जलपान, प्रसाद और अन्य व्यवस्थाएं भी की गईं। कांवड़ियों ने भगवान शिव की आराधना करते हुए धार्मिक उत्साह के साथ यात्रा पूरी की। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, सेवा, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। मंडीदीप में कांवड़ यात्रा के भव्य स्वागत से श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे क्षेत्र का वातावरण शिवमय नजर आया और जगह-जगह बम-बम भोले के जयकारों से भक्तिमय माहौल बना रहा।

# जल एवं ताप विद्युत गृहों की अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तहत विकसित होंगी प्रणालियां

**भोपाल**

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड अपने सभी जल एवं ताप विद्युत गृहों के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्यप्रणालियाँ एवं एकीकृत प्रबंधन प्रणालियों के नवाचार के लिये सजगता से अग्रसर हो रही है। इसी सिलसिले में कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह की अध्यक्षता में नयागांव, जबलपुर में स्थित नवनिर्मित मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन प्रशिक्षण संस्थान में आईएसओ मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कंपनी के विभिन्न जल एवं ताप विद्युत गृहों के 15 अभियंताओं ने भाग लिया। कंपनी के प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यशाला में आईएसओ मैनेजर नविता ठाकुर एवं तरंग श्रीवास्तव ने वरिष्ठ अभियंताओं के समक्ष आईएसओ के मूल सिद्धांतों तथा इसके लाभों पर सहित मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन की कंपनी की कार्यप्रणालियों के परिप्रेक्ष्य में महत्ता पर प्रस्तुति दी। इसके साथ ही सभी विद्युत गृहों के आईएसओ रोडमैप तथा विभिन्न आईएसओ मानकों को एकीकृत प्रबंधन प्रणाली के रूप में लागू किए जाने पर भी चर्चा की गई। अति. मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक तिवारी ने आईएसओ ऑडिट एवं प्रमाणन की तैयारियों के संबंध में अभियंताओं को दस्तावेजीकरण, प्रक्रियाओं के मानकीकरण, अनुपालन, आंतरिक ऑडिट तथा निरंतर सुधार जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी।



### क्या दर्शाते है आईएसओ मानक

आईएसओ-9001 के माध्यम से गुणवत्ता प्रबंधन, प्रक्रियाओं का मानकीकरण, दस्तावेजीकरण, प्रक्रिया नियंत्रण एवं निरंतर सुधार सुनिश्चित होता है। आईएसओ-14001 के माध्यम से ताप एवं जल विद्युत संयंत्रों में पर्यावरणीय प्रभावों की पहचान एवं नियंत्रण किया जा सकता है। आईएसओ- 45001 पॉवर प्लांट में मौजूद विभिन्न सुरक्षा जोखिमों के प्रबंधन और सक्रिय सुरक्षा संस्कृति विकसित करने में सहायक है। वहीं आईएसओ-50001 के माध्यम से ऊर्जा खपत का मापन, विश्लेषण तथा ऊर्जा दक्षता में निरंतर सुधार किया जा सकता है।

### मानकों के पुनरुत्थान पर है प्रबंधन का फोकस

जबलपुर स्थित शक्ति भवन, कंपनी के मुख्यालय के सभी कार्यालय आईएसओ द्वारा प्रमाणीकरण प्राप्त कर चुके हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की बाद कंपनी प्रबंधन की नज़र अब सभी संचालित जल एवं ताप विद्युत गृहों की कार्यप्रणालियों की समीक्षा कर अंतर्राष्ट्रीय रूप से पुनरुत्थान कर आईएसओ प्रमाणीकरण प्राप्त करने की ओर है। कंपनी की चचाई एवं सारनी में आ रही बहुप्रतीक्षित नवीन सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत इकाइयों के संदर्भ में भी कंपनी प्रबंधन द्वारा यह दृष्टिकोण भविष्य के प्रति तैयारी एवं कंपनी को एक नया रूप प्रदान करने का साक्ष्य माना जा रहा है।

# राजन सिटी में 8 लाख रुपए की लागत से निर्मित ओपन जिम का राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने किया शुभारंभ



राजगढ़

रविवार को विधानसभा ब्यावरा की राजन सिटी में क्षेत्रवासियों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के लिए नई सुविधा की सौगात मिली। लगभग 8 लाख रुपए की लागत से निर्मित ओपन जिम उपकरण एवं आवश्यक सामग्री का प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने शुभारंभ किया।इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए बेहतर खेल एवं व्यायाम सुविधाओं का विकास आवश्यक है। ओपन जिम की सुविधा से क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित व्यायाम के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

# मां सरस्वती एकेडमी जीरापुर की छात्रा कनक दशोत्तर का संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन



राजगढ़

सारंगपुर में आयोजित जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मां सरस्वती एकेडमी जीरापुर की कक्षा 9वीं की प्रतिभाशाली छात्रा कनक दशोत्तर ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तर पर अपनी जगह बनाई है। सारंगपुर में आयोजित जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में कनक का चयन मिनी वर्ग में संभाग स्तरीय टीम के लिए किया गया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्राचार्य सुरेश कुमार सुमन एवं समस्त संस्था परिवार द्वारा कनक को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कनक के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि कनक की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। संस्था परिवार ने बालिका को ट्रॉफी सौंपकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्यतिथि पर 52 लोगों ने किया रक्तदान





राजगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, खिलचीपुर द्वारा संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका आदरणीय राजयोगिनी डॉ. दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्यतिथि को %विश्व बंधुत्व दिवस% के रूप में मनाते हुए रविवार को शासकीय अस्पताल खिलचीपुर में एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्था से जुड़े सदस्यों और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए दादी जी को रक्तदान के रूप में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं दादी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी मधु दीदी, पूर्व विधायक डॉ राम प्रसाद दांगी, नगर पालिका अध्यक्ष राम जानकी मालाकार, बीएमओ डॉ. कमल दांगी, खिलचीपुर सेवाकेंद्र संचालिका नीलम दीदी एवं जीरापुर सेवाकेंद्र संचालिका बीके नम्रता दीदी विशेष रूप से मौजूद रहीं। आयोजन को संबोधित करते हुए बीके मधु दीदी ने कहा कि दादी जी का सम्पूर्ण जीवन विश्व शांति, प्रेम और ( वसुधैव कुटुम्बकम् ) की भावना को समर्पित रहा। दादी ने 38 वर्षों तक संस्था की मुख्य प्रशासिका की भूमिका निभाते हुए 130 देश में सेवाकेंद्र खोलने के निमित्त बने। वह हमेशा अपने आप को निमित्त समझते हुए औरों को भी निमित्त निर्माण भाव एवं निर्मल वाणी रखने की प्रेरणा दादी ने अपने जीवन से दादी ने दी। पूर्व विधायक डॉ राम प्रसाद दांगी ने ब्रह्माकुमारी संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दादी जी के समर्पण और दूरदर्शिता के कारण ही आज पूरे देश में ऐसे सेवा कार्य प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दे रहे हैं। शिविर में चिकित्सकों एवं तकनीशियनों की टीम की देखरेख में सुरक्षित वातावरण में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिले भर से आए ब्रह्माकुमारीज के भाई-बहनों, स्थानीय सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं और आमजन सहित कुल 52 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन छापीहेड़ा सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने किया।

# भाजपा पार्षद चंद्रशेखर मारू का हृदय गति रुकने से निधन नगर में

माचलपुर

नगर के भाजपा पार्षद चंद्रशेखर मारु का शनिवार रात हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया उनके निधन की खबर से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई जानकारी के अनुसार शनिवार रात चंद्रशेखर मारू ने सीने में हल्के से दर्द की शिकायत की थी परिजन उन्हें इलाज के लिए नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें झालावाड़ रेफर कर दिया झालावाड़ ले जाते समय रास्ते में ही उनका निधन हो गया चंद्रशेखर मारू मृदुभाषी मिलनसार व्यक्तित्व के धनी और समाज सेवा के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि के रूप में नगर मेंजाने जाते थे उनके आकस्मिक निधन से परिवार जनों के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों और नगर वासी योमें गहरा शोक व्याप्त है चंद्रशेखर मारू अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गएहै रविवार सुबह स्थानीय मुक्तिधाम पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया उनके ज्येष्ठ पुत्र ऋषभ मारू ने उनको मुखाग्नि दी अंतिम संस्कार के बाद मुक्तिधाम पर शोकसभा आयोजित की गई।

# माचलपुर में जन अभियान परिषद ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



माचलपुर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नगर विकास प्रस्फुटन समिति माचलपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर की आवास कॉलोनी स्थित प्रसिद्ध बाहर वाली माताजी मंदिर परिसर में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधे रोपे। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनकी सुरक्षा और नियमित रूप से सींचने का संकल्प भी लिया।जन अभियान परिषद के प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण बेहद जरूरी है। पेड़-पौधे हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और भावी पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण देने के लिए हर नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला राजगढ़ नोडल आफिसर सुरेश चंद्र सोनी शिक्षक,नगर विकास प्रस्फुटन समिति के भानुप्रतापसिंह चौहान ,गोपालदासगुजरातीसुनील कुमारगुप्ता, ,ईश्वरविश्वकर्मा,सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश गुर्जर और मंदिर समिति के तुफान सिंह चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

# संत रविदास जी ने समानता, समरसता और भाईचारे के संदेश से समाज को नई दिशा दी - मंत्री श्री कुशवाह

## संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकली 'सामाजिक समरसता एवं कलश वंदन यात्रा'

ग्वालियर

सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने समानता, समरसता और भाईचारे का संदेश देकर समाज को नई दिशा दी। उनकी शिक्षाएं आज भी सामाजिक भेदभाव को समाप्त कर समरस एवं सद्भावपूर्ण समाज के निर्माण की प्रेरणा देती हैं। संत रविदास जी की 650वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को ग्वालियर में निकाली गई ÷सामाजिक समरसता एवं कलश वंदन यात्रा÷ में विशेष रूप से शामिल हुए मंत्री श्री कुशवाह ने संत रविदास जी के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। ÷सामाजिक समरसता एवं कलश वंदन यात्रा÷ हनुमान चौराहे से प्रारंभ होकर 52 पायगा, सूबे की गोठ, पारदी मोहल्ला, रामबाग कॉलोनी, गेंडेवाली सड़क एवं शिंदे की छावनी होते हुए छप्परवाला पुल पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा का समापन छप्परवाला पुल के समीप स्थित संत रविदास जी की बगिया में हुआ। यहां संत रविदास जी की आरती की गई। यात्रा के समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने संत शिरोमणि रविदास जी के आदर्शों को आत्मसात करने तथा सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से मानव मात्र की समानता तथा सम्मान का संदेश दिया। उनके विचार सामाजिक एकता और समरसता की मजबूत नींव हैं। संत रविदास जी का जीवन हमें समाज के प्रत्येक वर्ग के सम्मान और आपसी भाईचारे के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। रविवार को शहर में निकली इस सामाजिक समरसता एवं कलश वंदन यात्रा में पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया तथा सर्वश्री अभय चौधरी, राजू पलैया, ओमप्रकाश धनोल, विनय जैन एवं केशव मांझी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी शामिल हुए।



## 'बलराम कृषि महोत्सव' के तहत डबरा में 25 अगस्त को होगा कार्यक्रम का आयोजन

ग्वालियर

जिले में ÷बलराम कृषि महोत्सव÷ के तहत 25 अगस्त को डबरा कृषि उपज मंडी परिसर में प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिले के किसानों से वर्चुअल संवाद करेंगे तथा कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों पर चर्चा करेंगे। आयोजन में जिले के जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में कृषकगण शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को ÷कृषक कल्याण वर्ष÷ के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश के सभी जिलों में ÷बलराम कृषि महोत्सव÷ आयोजित किए जा रहे हैं। कृषक कल्याण वर्ष के दौरान किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कृषि एवं उद्यानिकी के साथ-साथ पशुपालन को भी विशेष रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है कृषि विशेषज्ञ किसानों को बदलती जलवायु के अनुरूप खेती की नई पद्धतियों, फसल उत्पादन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा कृषि जोखिमों के प्रभावी प्रबंधन के उपायों से भी अवगत कराएंगे। जिला प्रशासन द्वारा किसानों से ÷बलराम कृषि महोत्सव÷ के तहत डबरा में आयोजित होने जा रहे

# खनिज पदार्थों के अवैध परिवहन पर जिला प्रशासन की 24 घंटे निगरानी




ग्वालियर

जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 24 घंटे सतत निगरानी की जा रही है। इसके लिए जिले में विभिन्न स्थानों पर चैक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहां खनिज पदार्थों के परिवहन की निरंतर निगरानी की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों को चैक पोस्टों का रात्रिकालीन औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के पालन में अपर जिला दण्डाधिकारी श्री सी.बी. प्रसाद ने शनिवार की रात बिलौआ चैक पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री प्रसाद ने चैक पोस्ट पर तैनात अमले की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा खनिज पदार्थों के परिवहन की निगरानी संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बिलौआ क्षेत्र का भी भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निगरानी एवं जांच की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव ने किया राखी मेले का शुभारंभ



ग्वालियर

स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्वालियर जिला प्रशासन द्वारा संभागीय ग्रामीण हाट बाजार में राखी मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव एवं सीईओ जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंह भी मौजूद थीं। राखी मेले में जिले की स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा तैयार की गई राखियां एवं अन्य जनउपयोगी वस्तुएं नागरिकों को किफायती दाम पर उपलब्ध कराई जा रही है। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव ने स्व-सहायता समूहों की दीदियों से समूह की दीदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्वालियर जिले में स्व-सहायता समूह की दीदियां बहुत ही अनुकरणीय कार्य कर रही हैं। इस प्रकार के मेलों से स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहन मिलता है और लोगों को अच्छे उत्पाद भी प्राप्त होते हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत ने कहा कि जिले में स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के लिये विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को न केवल जिले में बल्कि प्रदेश स्तर पर भी सराहा गया है। राखी मेले का आयोजन भी महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिये किया गया है। राखी मेले में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं दीदियों द्वारा बनाए गए एक से बढ़कर एक उत्पाद प्रदर्शन व बिक्री के लिये सजाए गए हैं। राखी मेले में आकर्षक व रंग-बिरंगी राखियों के साथ-साथ लेडीज पर्स, रेडीमेड वस्त्र, दाल, दलिया, चावल, मसाले, शहद, सरसों, नारियल व बादाम के तेल, वर्मी कम्पोस्ट, टैडीवियर, नमकीन, अचार, जैविक खाद, रुई बाती, मोती माला व झाड़ू इत्यादि उपलब्ध हैं।

# भारतीय रेलवे ने पेयजल टैंकों,फिल्टरों की सफाई व कीटाणुशोधन के लिए विशेष अभियान शुरू किया

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

भारतीय रेलवे ने रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पेयजल टैंकों और निस्पंदन प्रणालियों की सफाई और कीटाणुशोधन पर केंद्रित एक विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया है। यह पहल भारतीय रेलवे में पेयजल गुणवत्ता प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए बनाई गई व्यापक कार्य योजना का हिस्सा है। इस कार्य योजना में संपूर्ण पेयजल प्रणाली के नियमित निरीक्षण और रखरखाव पर जोर दिया गया है, साथ ही स्रोत और उपभोग स्थल दोनों पर जल गुणवत्ता परीक्षण करने पर भी बल दिया गया है, न कि केवल पाइपलाइन के अंत में जल परीक्षण पर निर्भर रहने पर। इस अभियान के दौरान, क्षेत्रीय रेलवे जल स्रोतों, उपचार एवं निस्पंदन संयंत्रों, भूमिगत और ओवरहेड टैंकों, पीवीसी टैंकों, जल बूथों, नलों और जल वितरण बिंदुओं का व्यापक निरीक्षण करेगी। सभी पेयजल टैंकों को खाली करके, गाद निकालकर, साफ करके और कीटाणुरहित किया जाएगा। इसके अलावा, वेंट और ओवरफ्लो बिंदुओं को पक्षियों, जानवरों और शैवाल से बचाने के लिए उचित सुरक्षा और पुख्ता आवरण सुनिश्चित करने के उपाय भी किए जाएंगे। इस अभियान के दौरान सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता वाली कमियों की पहचान भी की जाएगी। क्षतिग्रस्त टैंकों, पाइपलाइनों और फिल्टरों की मरम्मत की जाएगी या आवश्यकतानुसार उन्हें बदला जाएगा, साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पीने योग्य और गैर-पीने योग्य जल प्रणालियों के बीच कोई क्रॉस-कनेक्शन न हो। पीने के पानी की आपूर्ति श्रृंखला में शामिल सभी पाइपों की रिसाव के लिए जाँच की जाएगी और पानी की बर्बादी को रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जाएंगे। उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जहां पीने के पानी के निष्कर्षण के लिए हैंडपंप और बोरवेल का उपयोग किया जा रहा है। क्षेत्रीय रेलवे यह सुनिश्चित करेगा कि इन प्रणालियों से प्राप्त जल संदूषण मुक्त हो और पीने के लिए सुरक्षित हो।व्यापक कार्य योजना के अंतर्गत, रेलवे बोर्ड ने क्षेत्रीय रेलवे को वाटर कूलर और जल शोधन प्रणालियों का व्यापक निरीक्षण करने की सलाह दी है। कूलरों में लगे पानी के टैंकों की पूरी तरह सफाई की जाएगी, कूलरों, पाइपलाइनों और नलों में होने वाले रिसावों को तुरंत ठीक किया जाएगा और वाटर कूलर वितरण क्षेत्रों के आसपास शत प्रतिशत स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। वाटर कूलर के लिए यूवी,आरओ शुद्धिकरण प्रणालियों की उचित कार्यप्रणाली की जांच की जाएगी और आवश्यकतानुसार उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। निर्धारित रखरखाव, सर्विसिंग,




मरम्मत और फिल्टर कैंडल्स तथा अन्य घटकों का समय पर प्रतिस्थापन किया जाएगा। नई या प्रतिस्थापन यूवी,आरओ प्रणालियां, उनकी स्थिति और आवश्यकता के आधार पर, मिशन मोड में लगाई जाएंगी।सफाई, शुद्धिकरण और गुणवत्ता निगरानी के लिए निर्धारित उपाय पानी बेचने वाली मशीनों पर भी लागू होंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन सुविधाओं के माध्यम से वितरित पेयजल आवश्यक सुरक्षा और स्वच्छता मानकों को पूरा करता है। अधिकारी चिन्हित स्थानों से लिए गए जल नमूनों का भौतिक, रासायनिक और जीवाणु परीक्षण करेंगे, जिनमें स्रोत, उपचार के बाद के निकास द्वार, टैंक, कूलर, वेंडिंग मशीन और प्रतिनिधि नल ??या बूथ शामिल हैं, जहाँ भी संभव हो। दैनिक आधार पर अवशिष्ट क्लोरीन की निगरानी भी की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुनः क्लोरीनीकरण या अन्य सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। रेलवे बोर्ड ने क्षेत्रीय रेलवे को निर्देश दिया है कि वे मौजूदा ओवरहेड और अंडरग्राउंड टैंकों के प्रतिस्थापन और नए टैंकों के निर्माण के लिए स्वीकृत कार्यों की निगरानी करें और उनमें तेजी लाएं। इन स्वीकृत कार्यों का सारांश भी तैयार किया जाएगा और जहां भी आवश्यक होगा, नए अनुमोदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पेयजल आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न चरणों में संदूषण की पहचान और रोकथाम के लिए, स्रोत और नल दोनों स्थानों पर निस्पंदन सहित विभिन्न स्थितियों के लिए उपयुक्त निस्पंदन और शुद्धिकरण प्रणालियों पर भी काम किया जा रहा है। क्षेत्रीय रेलवे द्वारा पहचानी गई कमियों और उनके निवारण हेतु की गई कार्रवाई का स्टेशनवार विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। यह व्यवस्था कमियों की व्यवस्थित निगरानी में सहायक होगी और यह सुनिश्चित करेगी कि विशेष अभियान के दौरान पहचानी गई समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाए। इस कार्य योजना में रेलवे कॉलोनियों और कार्यस्थलों में पेयजल अवसंरचना के लिए भी इसी तरह के उपायों की परिकल्पना की गई है, जिससे सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल पर ध्यान यात्री क्षेत्रों से परे भी विस्तारित हो सके। इन समन्वित उपायों के माध्यम से, भारतीय रेलवे पेयजल आपूर्ति प्रणाली में निवारक निरीक्षण, बुनियादी ढांचे के रखरखाव, सफाई और कीटाणुशोधन, जल गुणवत्ता परीक्षण और सुधारात्मक कार्रवाई तंत्र को मजबूत कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों दोनों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

## दिव्यांगजन केवल शासकीय योजनाओं के लाभार्थी नहीं, बल्कि प्रदेश के विकास की मुख्यधारा के सहभागी

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**




सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को समान अधिकार, समान अवसर और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांगजन केवल शासकीय योजनाओं के लाभार्थी नहीं, बल्कि प्रदेश के विकास की मुख्यधारा के समान सहभागी हैं। एक समावेशी समाज का निर्माण ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने यह बात भोपाल स्थित होटल पलाश में न्यायालय आयुक्त दिव्यांगजन, मध्यप्रदेश, भोपाल एवं साइटसेवर्स इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय परामर्श कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कही। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (ऋक्र2ष्ठ-ष्ह), 2016 के लागू होने के दस वर्ष पूरे होना देश के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के अधिकारों, समान अवसर, समावेशी विकास तथा ऋक्र2ष्ठ-ष्ह के प्रभावी क्रियान्वयन सहित मध्यप्रदेश में दिव्यांगजनों के लिए नीतियों और व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया।कार्यशाला के माध्यम से मध्यप्रदेश में दिव्यांगजन अधिकारों के संरक्षण, नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक सुगम एवं समावेशी व्यवस्थाओं के निर्माण के लिए विभिन्न सुझावों एवं विचारों पर चर्चा की गई।

## विधायक और संभागायुक्त ने जाना आंगनबाड़ी का हाल सहज भाव से जमीन पर बैठकर उनसे किया संवाद

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को ग्यारसपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत अटारी खेजड़ा में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के दौरान विदिशा विधायक मुकेश टंडन एवं भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। यहां दोनों जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी बच्चों के बीच सहज भाव से जमीन पर बैठकर उनसे संवाद किया और आंगनबाड़ी में मिलने वाली सुविधाओं एवं गतिविधियों की जानकारी ली। विधायक मुकेश टंडन और संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने बच्चों से बातचीत करते हुए पूछा कि उन्हें आंगनबाड़ी में कब खाना मिलता है, यहां आकर उन्हें कैसा लगता है तथा खेलने के लिए उन्हें और किन चीजों की आवश्यकता है। बच्चों ने भी सहजता से अपनी बातें साझा कीं। अधिकारियों ने बच्चों से उनकी दिनचर्या, खेल-कूद तथा आंगनबाड़ी में होने वाली गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।बच्चों से प्रारंभिक शैक्षणिक गतिविधियों के तहत दी जा रही जानकारी के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने बच्चों से विभिन्न विषयों से संबंधित सरल सवाल पूछकर उनकी सीखने की प्रक्रिया को समझा। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सवालों के जवाब दिए। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही पोषण आहार व्यवस्था, खेल सामग्री तथा प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों की उपस्थिति, पोषण एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री जन विश्वास



अभियान के तहत जिले में आयोजित किए जा रहे शिविरों एवं निरीक्षण गतिविधियों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं और सेवाओं की वास्तविक स्थिति को समझना तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही आवश्यक सुविधाओं का लाभ दिलाना है। इसी क्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा गांवों में पहुंचकर आमजन, विद्यार्थियों और बच्चों से सीधे संवाद किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र में विधायक एवं संभागायुक्त का बच्चों के बीच जमीन पर बैठकर संवाद करना बच्चों के प्रति सहजता और आत्मीयता का संदेश रहा। इस दौरान बच्चों ने भी उत्साह के साथ अधिकारियों से बातचीत की और अपनी जरूरतों एवं पसंद के बारे में खुलकर बताया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक** : नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)